http://www.a2zSubjects.com

# MP BOARD CLASS 10 PAPER 2013

समय : 3 घण्टा] **सामाजिक विज्ञान : कक्षा X** [पूर्णांक : 100

निर्देश– (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(ii) प्रश्न-पत्र में दो खण्ड दिये गये हैं–खण्ड-अ और खण्ड-ब।
(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिये आबंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

## खण्ड-अ

**प्रश्न 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–** $1 \times 5 = 5$

(अ) श्वेत क्रान्ति द्वारा भारत में ………… को बढ़ावा मिला है।
(ब) इंटरनेशनल नेटवर्क का संक्षिप्त नाम ………… है।
(स) लॉर्ड डलहौजी ने ………… नीति के कारण अनेक भारतीय राज्यों को अंग्रेजी राज्य में शामिल कर लिया।
(द) संविधान सभा के अध्यक्ष ………… थे।
(इ) अर्थव्यवस्था का ………… क्षेत्रों में विभाजन किया गया है।

उत्तर–(अ) दुग्ध उत्पादन, (ब) इंटरनेट, (स) हड़प, (द) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, (इ) तीन।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित में प्रत्येक का एक वाक्य/शब्द में उत्तर दीजिए–** $1 \times 5 = 5$

(अ) 'जैक ऑफ ऑल ट्रेड्स' किस अयस्क को कहते हैं ?
(ब) रिक्टर पैमाने पर क्या मापा जाता है ?
(स) फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना किसने की ?
(द) चन्द्रशेखर आजाद का जन्म कहाँ हुआ था ?
(इ) लोकसभा के अध्यक्ष का चुनाव कौन करता है ?

उत्तर–(अ) मैंगनीज, (ब) भूकम्प, (स) सुभाषचन्द्र बोस, (द) झाबुआ जिले के भाभरा ग्राम में, (इ) लोकसभा सदस्य।

**प्रश्न 3. सही जोड़ी बनाइए–** $1 \times 5 = 5$

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (अ) सूती वस्त्र उद्योग की राजधानी | (क) केरल |
| (ब) दचिगाम | (ख) मालदीव |
| (स) पेरियार | (ग) मुम्बई |
| (द) यूनाइटेड टेलीकॉम | (घ) जम्मू एवं कश्मीर |
| (इ) डिजिटल चार्ट्स | (ङ) नेपाल |

उत्तर–(अ) → (ग), (ब) → (घ), (स) → (क), (द) → (ङ), (इ) → (ख)।

**प्रश्न 4. सत्य/असत्य लिखिए–** $1 \times 5 = 5$

(अ) मादक पदार्थों के सेवन से व्यक्ति के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव होता है।
(ब) राज्यसभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या 250 है।
(स) 'करो या मरो' का नारा असहयोग आन्दोलन में दिया गया।
(द) तात्या भील ब्रिटिश सरकार के लिए आतंक का पर्याय था।

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

(इ) औद्योगिक क्षेत्र को प्राथमिक क्षेत्र कहा जाता है।

उत्तर—(अ) सत्य, (ब) सत्य, (स) असत्य, (द) सत्य, (इ) असत्य।

**प्रश्न 5. सही विकल्प चुनकर लिखिए—** $1 \times 5 = 5$

**(अ) जुलाई 1947 में ब्रिटिश संसद ने भारतीय स्वतन्त्रता अधिनियम पारित किया जिसके अनुसार दो निम्न स्वतन्त्र देशों का निर्माण हुआ—**

(i) भारत-बांग्लादेश (ii) भारत-पाकिस्तान

(iii) भारत-श्रीलंका (iv) भारत-नेपाल।

**(ब) मध्य प्रदेश की विधानसभा की सदस्य संख्या है—**

(i) 320 (ii) 270

(iii) 250 (iv) 230.

**(स) जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में स्थान है—**

(i) तीसरा (ii) दूसरा

(iii) सातवाँ (iv) पाँचवाँ।

**(द) प्रो. अमर्त्य सेन ने विकास का आधार माना है—**

(i) सम्पन्नता (ii) आत्मनिर्भरता

(iii) जन-कल्याण (iv) विदेशी व्यापार।

**(इ) जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था विकसित होती है, राष्ट्रीय आय में तृतीयक क्षेत्र का अंश—**

(i) बढ़ता जाता है (ii) घटता जाता है

(iii) बढ़ता है तत्पश्चात् घटता है (iv) घटता है तत्पश्चात् बढ़ता है।

उत्तर—(अ) (ii), (ब) (iv), (स) (ii), (द) (iii), (इ) (i).

## खण्ड-ब

**प्रश्न 6.** लोहा-इस्पात उद्योग 'आधारभूत उद्योग' क्यों कहलाता है ? 4

*अथवा*

राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में उद्योगों के योगदान का वर्णन कीजिए।

**प्रश्न 7.** तार व फैक्स में क्या अन्तर है ? *अथवा* 4

बन्दरगाह व पत्तन में क्या अन्तर है ?

http://www.a2zSubjects.com

**प्रश्न 8.** महामारी कैसे फैलती है ? *अथवा* 4

आपदा प्रबन्धन से क्या आशय है ? आपदा प्रबन्धन के मुख्य तत्व बताइए।

**प्रश्न 9.** ब्रिटिश शासन से भारतीय शासकों में असन्तोष के क्या कारण थे ? 4

*अथवा*

अंग्रेजों की आर्थिक शोषण की नीति ने भारतीय कुटीर उद्योग को कैसे प्रभावित किया ?

**प्रश्न 10.** भारत-चीन युद्ध में एकतरफा युद्धविराम की घोषणा चीन ने क्यों की ? वर्णन कीजिए। 4

*अथवा*

सन् 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के परिणाम लिखिए।

**प्रश्न 11.** जिला पंचायत के कार्य लिखिए। 4

*अथवा*

प्रधानमंत्री के कार्य लिखिए।

**प्रश्न 12.** इण्डिया विजन-2020 क्या है ? वर्णन कीजिए। 4

*अथवा*

स्व-सहायता समूह के गठन के क्या उद्देश्य हैं ?

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com

प्रश्न 13. भारत के दिये गये सीमाकार मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए–

(अ) तारापुर अणु विद्युत् गृह, (ब) बंगाल की खाड़ी,
(स) नीलगिरि पर्वत, (द) गंगा नदी,
(इ) कच्छ का रन। 5

*अथवा*

निम्नलिखित मौसमी दशाओं को स्पष्ट करने हेतु संकेत बनाइए–

(अ) मन्द समीर, (ब) कुहासा,
(स) ओला, (द) शांत,
(इ) धुन्ध।

प्रश्न 14. ब्रिटिश सरकार द्वारा उठाए गए समाज सुधार के कार्यों से भारतीय क्यों असन्तुष्ट हुए ? 5

*अथवा*

उन्नीसवीं शताब्दी के अन्तिम दशक में किन कारणों से उग्र राष्ट्रवाद को प्रोत्साहन मिला ?

प्रश्न 15. क्रान्तिकारियों के बारे में आप क्या जानते हैं ? ब्रिटिश शासन के विरुद्ध उन्होंने कौन-से तरीके अपनाए ? 5

*अथवा*

जंगल सत्याग्रह क्या था ? लिखिए।

प्रश्न 16. समाजवादी एवं पंथनिरपेक्ष का आशय समझाइए। 5

*अथवा*

भारतीय संविधान की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। (कोई **पाँच**)

प्रश्न 17. जनसंख्या वृद्धि के **पाँच** कारण लिखिए। 5

*अथवा*

साम्प्रदायिकता के **पाँच** कारण लिखिए।

प्रश्न 18. उत्पादक एवं व्यापारी उपभोक्ताओं का शोषण किस प्रकार करते हैं ? 5

*अथवा*

उपभोक्ता जागरूकता अराजकता तथा हानिकारक उपभोग पर रोक लगाने में किस प्रकार सहायक है ?

प्रश्न 19. वैश्वीकरण से आप क्या समझते हैं ? वैश्वीकरण की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करने वाले कारणों की विवेचना कीजिए। 5

*अथवा*

पूँजीवादी आर्थिक प्रणाली की विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 20. वनों से होने वाले प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लाभ कौन-कौनसे हैं ? वर्णन कीजिए। 6

*अथवा*

भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि के योगदान को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 21. सन् 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध का वर्णन कीजिए। 6

*अथवा*

भारत का आण्विक शक्ति के रूप में विकास किस प्रकार हुआ ? वर्णन कीजिए।

http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com